St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

Hindi Text : (2nd Term) **(Answer Worksheet –20)** **Date: 19.11.2020**
Topic: सूरज क्या सिखलाता है **Class -3**

निम्न प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 दुनिया में किस तरह के लोगों का नाम होता है ?

उ- दुनिया में मेहनती लोगों का नाम होता है | जो मेहनत करता है , वही जीवन में बहुत आगे बढ़ता है | मेहनत का जीवन में बहुत महत्व है | इतिहास गवाह है कि जिसने भी मेहनत किया , वह सफलता की चोटी तक पहुँचा है | हमें भी आलस्य त्यागकर मेहनत करना चाहिए |

2 रात और दिन कैसे बनते है ?

उ- सूर्य की रोशनी धरती पर पड़ती है और धरती पर दिन निकल जाता है | यह केवल पृथ्वी की गति के कारण होता है | अपनी धुरी पर घूमने के कारण पृथ्वी के कई भागों पर प्रकाश नहीं पहुंच पाता | इसी से दिन - रात निर्धारित होते हैं | सूर्य के प्रकाश वाले हिस्से में दिन और सूर्य से छिपे हुए हिस्से में रात होती है|

3 अपने जीवन में तुम समय का पालन कैसे करोगे ?

उ- बच्चो को हमेशा समय का पालन करना चाहिए | हमें सुबह जल्दी उठना चाहिए | समय पर खाना खाना और समय पर खेलना चाहिए | हमें समय पर पढ़ना चाहिए| समय पर सो जाना चाहिए |

4 इस कविता की पाँच पंक्तियाँ लिखो | बेटा, दिन भर _____________ देर लगाओ |

उ- बेटा , दिन भर चलते - चलते , जब दिनकर थक जाता ,

करता तब विश्राम , सवेरे आता वह सिखलाता -

" करो शक्ति - भर काम कि जब तक मैं नभ में चलता हूँ|

सो जाओ चुपचाप , रात में जैसा मैं करता हूँ |

किन्तु प्रात होते ही जग जाओ , मत देर लगाओ |

Poonam Mehra